University in News on 31 October 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

एआई का उपयोग जिम्मेदारी बढ़ाने वाला

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय में 'इम्पोर्टेन्स ऑफ एआई गवर्नेंस फॉर डवलपर्स एंड इंप्लीमेंटर्स' विषय पर वेबिनार हुआ।

प्लेसमेंट सेल और कोडिंग क्लब के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गेट ग्लोबल इंटरनेशनल यूएसए के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर मार्सियो कॉट्स ने कहा कि व्यावसायिक एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में एआई का प्रयोग बढ़ रहा है, जिससे इसके प्रभाव को सही दिशा में नियंत्रित करने की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। इसके चार प्रमुख स्तंभों में नैतिकता, पारदर्शिता, गोपनीयता और उत्तरदायित्व का ध्यान रखना होगा। निदेशक डॉ. हिमांशु पांडेय मौजूद रहे। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 6

कुलपति ने विदेशी छात्रों संग त्योहार मनाया

आयोजन

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में दीपावली की पूर्व संध्या पर कुलपति ने विदेशी छात्रों संग दीप जलाकर दीवाली मनाई। कुलपति कैंप कार्यालय लॉन में आयोजित दिवाली समारोह में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इस त्योहार की महत्ता और भारतीय संस्कृति की समृद्धि के बारे में बताया।

कुलपति ने कहा कि आज के वैश्विक परिवेश में जहां विभिन्न झंझावात और विविधताएं व्याप्त हैं। आपका आंतरिक प्रकाश असंख्य माध्यमों में दीप्त हो, यह हमारी शिक्षा में झंकृत है। आप इसके वाहक बने यहीं शुभकामना है।

एलयू में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विदेशी छात्रों के साथ दीवाली मनाई।

विश्वविद्यालय के वाइस-चांसलर डॉ. आलोक कुमार राय के ऑफिस लॉन में दीपावली समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के विदेशी छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. राय ने दीप जलाकर समारोह की शुरुआत की और छात्रों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों को इस त्योहार की महत्ता और भारतीय संस्कृति की समृद्धि के बारे में बताया और इस त्योहार के माध्यम से एकता, सद्भावना और शांति के संदेश को फैलाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में शामिल विदेशी छात्रों में श्रीलंका, इंडोनेशिया, फिजी ,मॉरीशस, ताजिकिस्तान , अफगानिस्तान , केन्या , घाना , तुर्कमेनिस्तान , सीरिया , जॉर्डन , यमन स्वाजीलैंड , तंजानिया, बांग्लादेश, से आए हुए लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, उनका उत्साह उल्लास और उर्जा देखते ही बनती थी। विभिन्न शैलियों में नृत्य प्रस्तुत किए, सुरीले स्वरों से पूरा परिसर गुंजायमान हो गया। नृत्यों में वैश्विक स्तर पर मूलभूत समानता देख सभी ने तारीफ की। कुलपति ने सभी छात्र-छात्राओं को उपहार देकर दीपावली की शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर फाइन आर्ट्स कालेज की ओर से प्रस्तुत रंगोली की खूब तारीफ हुई। कुलपति संग छात्रों ने फुलझड़ी भी जलाई। कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीके शर्मा, प्रो. संगीता साहू सहित सभी हास्टल के प्रोवोस्ट उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. आलोक राय ने विद्यार्थियों को उपहार भी दिए। फाइन आर्ट्स कॉलेज की रंगोली अद्वितीय रही। प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीके शर्मा और प्रबंध संकायाध्यक्ष प्रो. संगीता साहू समेत कई अन्य उपस्थित रहे। श्रीलंका, फिजी, ताजिकिस्तान, अफगानिस्तान, केन्या, घाना, तुर्कमेनिस्तान, सीरिया, जॉर्डन, यमन, स्विट्जरलैंड, तंजानिया, के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

i-NEXT PAGE 4

विदेशी विद्यार्थियों ने मनाया दीपावली उत्सव

LUCKNOW (30 Oct): दीपावली की पूर्व संध्या पर बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विदेशी छात्र-छात्राओं के लिए कुलपति के कैंप कार्यालय लान में दीपावली उत्सव मनाया गया. इसमें श्रीलंका, इंडोनेशिया, फिजी ,मारीशस , ताजिकिस्तान, अफगानिस्तान, केन्या, घाना, तुर्कमेनिस्तान, सीरिया, जार्डन, यमन स्वाजीलैंड, तंजानिया व बांग्लादेश से आए हुए लवि में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए. कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया.

JAGRAN CITY PAGE III

विदेशी विद्यार्थियों ने मनाई दीपावली

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति कैंप कार्यालय लान में दीपावली उत्सव मनाया गया। कुलपति प्रो .आलोक कुमार राय ने उन्हें उपहार भेंट किए • सौजन्य से लवि

जासं • लखनऊ : दीपावली की पूर्व संध्या पर बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विदेशी छात्र-छात्राओं के लिए कुलपति के कैंप कार्यालय लान में दीपावली उत्सव मनाया गया। इसमें श्रीलंका, इंडोनेशिया, फिजी ,मारीशस , ताजिकिस्तान, अफगानिस्तान, केन्या, घाना, तुर्कमेनिस्तान, सीरिया, जार्डन, यमन स्वाजीलैंड, तंजानिया व बांग्लादेश से आए हुए लवि में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। दीपावली उत्सव में विदेशी छात्रों ने विभिन्न शैलियों में नृत्य प्रस्तुत किए। सुरीले स्वरों से पूरा परिसर गुंजायमान हो गया। नृत्यों में वैश्विक स्तर पर मूलभूत समानता देख सभी ने तारीफ की। कुलपति ने सभी छात्र-छात्राओं को उपहार देकर दीपावली की शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर फाइन आर्ट्स कालेज की ओर से प्रस्तुत रंगोली की खूब तारीफ हुई। कुलपति संग छात्रों ने फुलझड़ी भी जलाई। कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीके शर्मा, प्रो. संगीता साहू सहित सभी हास्टल के प्रोवोस्ट उपस्थित रहे।

लेटरल एंट्री की मंजूरी का आदेश जारी

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों में लेटरल एंट्री की सुविधा दिए जाने के प्रस्ताव पर कुलाधिपति की ओर से मंजूरी मिलने के बाद कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। इसके तहत अब किसी भी कालेज या विश्वविद्यालय के विद्यार्थी तीसरे, पांचवें व सातवें सेमेस्टर में प्रवेश ले सकेंगे। वहीं, एक वर्षीय परास्नातक के अध्यादेश को भी अनुमोदन मिलने की सूचना जारी की गई है।

THE PIONEER PAGE 4

लखनऊ विश्वविद्यालय में दीपावली का उत्सव धूमधाम से मनाया गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रकाश पर्व के मौके पर बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में दीपावली मनाई गयी। इस मौके पर कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने कहा कि इस दीपावली पर, हम प्रकाश की जीत और अच्छाई की जीत का जश्न मनाते हैं। मैं आपको इस त्योहार के माध्यम से अपने जीवन में प्रकाश और खुशियों को लाने के लिए प्रेरित करता हूँ। आज के वैश्विक परिवेश में जहां विभिन्न झंझावात एवं एवं विविधताएं व्याप्त हैं,आपका आंतरिक प्रकाश असंख्य माध्यमों में दीप्त हो, यह हमारी शिक्षा में झंकृत है। आप इसके वाहक बने यहीं शुभकामना है।

विश्वविद्यालय के वाइस-चांसलर डॉ. आलोक कुमार राय के ऑफिस लॉन में दीपावली समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के विदेशी छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. राय ने दीप जलाकर समारोह की शुरुआत की और छात्रों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों को इस त्योहार की महत्ता और भारतीय संस्कृति की समृद्धि के बारे में बताया और इस त्योहार के माध्यम से एकता, सद्भावना और शांति के संदेश को फैलाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में शामिल विदेशी छात्रों में श्रीलंका, इंडोनेशिया, फिजी ,मॉरीशस, ताजिकिस्तान , अफगानिस्तान , केन्या , घाना , तुर्कमेनिस्तान , सीरिया , जॉर्डन , यमन स्वाजीलैंड , तंजानिया, बांग्लादेश, से आए हुए लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, उनका उत्साह उल्लास और उर्जा देखते ही बनती थी। विभिन्न शैलियों में नृत्य प्रस्तुत किए गए। छात्रों द्वारा भी अति सुन्दर समूह नृत्य प्रस्तुति हुई। सुरीले स्वरों से पूरा परिसर गुंजायमान हो गया। नृत्यों में वैश्विक स्तर पर मूलभूत समानता देख सभी आनंदतिरेक में रहे। वसुधैव कुटुंबकम् चरितार्थ हो रहा था लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति कैंप कार्यालय परिसर में। सभी छात्र छात्राओं को उपहार भी कुलपति द्वारा दिए गए। फाइन आर्ट्स कॉलेज द्वारा प्रस्तुत रंगोली अद्वितीय रही।

नरेंद्र देव हॉस्टल, बीरबल साहनी हॉस्टल और कैलाश हॉस्टल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने दीपावली की शुभकामनाएं दीं। विदेशी छात्रों ने भारतीय परंपराओं और रीति-रिवाजों को जानने का अवसर प्राप्त किया।

विश्वविद्यालय के विदेशी छात्रों ने दीपावली की झलक देखी और इस त्योहार को मनाने में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने भारतीय संस्कृति की समृद्धि और विविधता की प्रशंसा की। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने नृत्य, गायन और वाद्य संगीत प्रस्तुत किए। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए एक यादगार अनुभव था, जिसने भारतीय संस्कृति की एकता और सद्भावना को बढ़ावा दिया। इस मौके पर डॉ. मनुका खन्ना (प्रो-वाइस चांसलर), डॉ. वी.के. शर्मा (डीन स्टूडेंट वेलफेयर), प्रोफेसर संगीता साहू और सभी हॉस्टल प्रोवोस्ट उपस्थित रहे।

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के उपयोग में आने वाली कानूनी और सामाजिक चुनौतियों पर की चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल और कोडिंग क्लब के सहयोग से इम्पोर्टेन्स ऑफ़ एआई गवर्नेंस फॉर डेवलपर्स एंड इंप्लीमेंटर्स विषय पर वेबीनार का आयोजन हुआ। इस वेबिनार का उद्देश्य छात्रों को एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के बारे में जानकारी देना था। वेबिनार के मुख्य वक्ता गेट ग्लोबल इंटरनेशनल यूएसए के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर मार्सियो कॉट्स ने अपने विचार साझा किए, जिनके अनुभव और गहन ज्ञान से इस महत्वपूर्ण विषय पर कई नए दृष्टिकोण प्राप्त हुए।

कॉट्स ने वेबिनार की शुरुआत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के विकास में हो रही तीव्र प्रगति और इसके प्रभावों के संदर्भ में की, जहाँ उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस गवर्नेंस के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का विकास और उसका व्यावसायिक एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में अनुप्रयोग लगातार बढ़ रहा है, जिससे इसके प्रभाव को सही दिशा में नियंत्रित करने की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस गवर्नेंस के संदर्भ में कॉट्स ने चार प्रमुख स्तंभों पर प्रकाश डाला, नैतिकता, पारदर्शिता, गोपनीयता, और उत्तरदायित्व।

उन्होंने इन स्तंभों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि कैसे इन मूल सिद्धांतों का पालन करते हुए एक मजबूत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस इकोसिस्टम का निर्माण किया जा सकता है। उनके अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के विकास के दौरान नैतिकता को बनाये रखना, प्रणाली के कामकाज में पारदर्शिता लाना, उपयोगकर्ताओं की गोपनीयता का सम्मान करना और निर्णय प्रक्रिया में उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना आवश्यक है ताकि इसके संभावित नकारात्मक प्रभावों को रोका जा सके और समाज में इसकी स्वीकृति को बढ़ावा दिया जा सके। कॉट्स ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के विकास के संबंध में सरकारी नीतियों और औद्योगिक तथा शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर भी जोर दिया। वेबिनार का सफल आयोजन डॉक्टर हिमांशु पांडेय के मार्गदर्शन में कोडिंग क्लब के स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर के द्वारा कराया गया।

AMRIT VICHAR PAGE 4

एआई गवर्नेंस के महत्व पर लविवि में हुई चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में अभियांत्रिकी व तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल और कोडिंग क्लब के सहयोग से इम्पोर्टेन्स ऑफ एआई गवर्नेंस फॉर डेवलपर्स एंड इंप्लीमेंटर्स विषय पर वेबिनार का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता गेट ग्लोबल इंटरनेशनल यूएसए के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर मार्सियो कॉट्स ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के विकास में हो रही तीव्र प्रगति और इसके प्रभावों के संदर्भ में गवर्नेंस के महत्व को रेखांकित किया। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का विकास और उसका व्यावसायिक व सार्वजनिक क्षेत्रों में अनुप्रयोग लगातार बढ़ रहा है, जिससे इसके प्रभाव को सही दिशा में नियंत्रित करने की जिम्मेदारी बढ़ जाती है।

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस गवर्नेंस के संदर्भ में कॉट्स ने चार प्रमुख स्तंभों पर प्रकाश डाला - नैतिकता, पारदर्शिता, गोपनीयता और उत्तरदायित्व। बताया कि कैसे इन मूल सिद्धांतों का पालन करते हुए एक मजबूत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस इकोसिस्टम का निर्माण किया जा सकता है। कॉट्स ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के विकास के संबंध में सरकारी नीतियों और औद्योगिक तथा शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर भी जोर दिया। वेबिनार का सफल आयोजन डॉक्टर हिमांशु पांडेय के मार्गदर्शन में कोडिंग क्लब के स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर के द्वारा कराया गया।

लविवि में विदेशी छात्रों ने मनाई दिवाली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों ने दिवाली पर्व मनाकर खुशियां बांटी। कुलपति आवास में मनाए गए पर्व में कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय ने कहा कि हम प्रकाश की जीत और अच्छाई की जीत का जश्न मनाते हैं। मैं आपको इस त्योहार के माध्यम से अपने जीवन में प्रकाश और खुशियों को लाने के लिए प्रेरित करता हूं। उन्होंने छात्रों को इस त्योहार की महत्ता और भारतीय संस्कृति की समृद्धि के बारे में बताया और इस त्योहार के माध्यम से एकता, सद्भावना और शांति के संदेश को फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. मनुका खन्ना (प्रो-वाइस चांसलर), डॉ. वीके शर्मा, प्रोफेसर संगीता साहू और सभी हॉस्टल प्रोवोस्ट उपस्थित रहे। नरेंद्र देव हॉस्टल, बीरबल साहनी हॉस्टल और कैलाश हॉस्टल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने दीपावली की शुभकामनाएं दीं। विदेशी छात्रों ने भारतीय परंपराओं और रीति-रिवाजों को जानने का अवसर प्राप्त किया।

विदेशी छात्राओं के साथ कुलपति डॉ .आलोक कुमार राय। अमृत विचार

नृत्य और संगीत का हुआ आयोजन

श्रीलंका, इंडोनेशिया, फिजी, मॉरीशस, ताजिकिस्तान, अफगानिस्तान, केन्या, घाना, तुर्कमेनिस्तान, सीरिया, जॉर्डन, यमन, स्वाजीलैंड, तंजानिया, बांग्लादेश से आए हुए विश्वविद्यालय के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विभिन्न शैलियों में किए गए नृत्य से वसुधैव कुटुंबकम् चरितार्थ हो रहा था।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

लविवि में दीपावली का उत्सव धूमधाम से मनाया

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। दीपावली पर हम प्रकाश की जीत और अच्छाई की जीत का जश्न मनाते हैं। मैं आपको इस त्योहार के माध्यम से अपने जीवन में प्रकाश और खुशियों को लाने के लिए प्रेरित करता हूँ। आज के वैश्विक परिवेश में जहां विभिन्न झंझावात एवं एवं विविधताएं व्याप्त हैं, आपका आंतरिक प्रकाश असंख्य माध्यमों में दीप्त हो, यह हमारी शिक्षा में झंकृत है। आप इसके वाहक बने यहीं शुभकामना है। ये विचार लविवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने व्यक्त किए। लविवि के वाइस-चांसलर डॉ.आलोक कुमार राय के ऑफिस लॉन में दीपावली समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें विश्वविद्यालय के विदेशी छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर डॉ.राय ने दीप जलाकर समारोह की शुरुआत की और छात्रों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों को इस त्योहार की महत्ता और भारतीय संस्कृति की समृद्धि के बारे में बताया और इस त्योहार के माध्यम से एकता, सद्भावना और शांति के संदेश को फैलाने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में डॉ.मनुका खन्ना (प्रो-वाइस चांसलर),डॉ.वीके शर्मा (डीन स्टूडेंट वेलफेयर),प्रो.संगीता साहू और सभी हॉस्टल प्रोवोस्ट उपस्थित रहे। नरेंद्र देव हॉस्टल, बीरबल साहनी हॉस्टल और कैलाश हॉस्टल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने दीपावली की शुभकामनाएं दीं। विदेशी छात्रों ने भारतीय परंपराओं और रीति-रिवाजों को जानने का अवसर प्राप्त किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया,जिसमें छात्रों ने नृत्य, गायन और वाद्य संगीत प्रस्तुत किए। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए एक यादगार अनुभव था, जिसने भारतीय संस्कृति की एकता और सद्भावना को बढ़ावा दिया। इस समारोह में विश्वविद्यालय के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के लिए एक गर्व का क्षण था, जिसने भारतीय संस्कृति की समृद्धि और विविधता को प्रदर्शित किया। दीपावली की पूर्व संध्या पर लविवि में विभिन्न कार्यक्रमों में अध्ययनरत अंतरराष्ट्रीय छात्र-छात्राओं के लिए कुलपति कैंप कार्यालय लॉन में दिवाली समारोह का आयोजन विश्विद्यालय द्वारा किया गया। श्रीलंका, इंडोनेशिया, फिजी ,मॉरीशस, ताजिकिस्तान, अफगानिस्तान, केन्या, घाना, तुर्कमेनिस्तान, सीरिया, जॉर्डन, यमन स्वाजीलैंड, तंजानिया और बांग्लादेश से आए हुए के लिए लविवि में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, उनका उत्साह उल्लास और उर्जा देखते ही बनती थी। विभिन्न शैलियों में नृत्य प्रस्तुत किए गए। छात्रों द्वारा भी अति सुन्दर समूह नृत्य प्रस्तुति हुई। सुरीले स्वरों से पूरा परिसर गुंजायमान हो गया।

प्रतियोगिताओं का महाकुम्भ 26 नवंबर से प्रारंभ

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में बहुप्रतिक्षित खेलों और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के महाकुम्भ संस्कृति सुरभि के पंद्रहवें संस्करण का आयोजन करने की तैयारियां जोरो पर है। लविवि स्पोर्ट्स एवं कल्चरल कमेटी के तत्वावधान में संस्कृति सुरभि का प्रतिवर्ष आयोजन होता है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.अलोक कुमार राय ने संस्कृति सुरभि के पोस्टर का अनावरण किया। इस मौके पर कमेटी के निदेशक प्रो.सतीश पाण्डेय, अध्यक्ष प्रो.उग्रसेन वर्मा एवं कमेटी के अन्य छात्र उपस्थित रहे। नृत्य, संगीत, गायन, वादन, साहित्य एवं खेलों सहित 50 से अधिक प्रतियोगिताओं वाले इस महाकुम्भ की शुरूआत 26 नवंबर से होंगी एवं समापन 30 नवंबर को होगा। कमेटी के संयोजक देवेश ने बताया कि जल्द ही एक रजिस्ट्रेशन फार्म जारी किया जायेगा।

LOKSATYA PAGE 3

विवि में धूमधाम से मनाया गया दीपावली का उत्सव

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं, शिक्षक व कर्मियों ने बड़ी धूमधाम से भव्य, नव्य, दिव्य दीपोत्सव मनाया। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने कहा कि इस दीपावली पर हम प्रकाश की जीत और अच्छाई की जीत का जश्न मनाते हैं। मैं आपको इस त्योहार के माध्यम से अपने जीवन में प्रकाश और खुशियों को लाने के लिए प्रेरित करता हूँ। आज के वैश्विक परिवेश में जहां विभिन्न झंझावात एवं एवं विविधताएं व्याप्त हैं , आपका आंतरिक प्रकाश असंख्य माध्यमों में दीप्त हो , यह हमारी शिक्षा में झंकृत है । आप इसके वाहक बने यहीं शुभकामना है ।

लखनऊ विश्वविद्यालय के वाइस-चांसलर डॉ. आलोक कुमार राय के ऑफिस लॉन में दीपावली समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के विदेशी छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. राय ने दीप जलाकर समारोह की शुरुआत की और छात्रों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों को इस त्योहार की महत्ता और भारतीय संस्कृति की समृद्धि के बारे में बताया और इस त्योहार के माध्यम से एकता, सद्भावना और शांति के संदेश को फैलाने का आह्वान किया। डॉ. मनुका खन्ना (प्रो-वाइस चांसलर), डॉ. वी.के. शर्मा (डीन स्टूडेंट वेलफेयर), प्रोफेसर संगीता साहू और सभी हॉस्टल प्रोवोस्ट उपस्थित रहे। नरेंद्र देव हॉस्टल, बीरबल साहनी हॉस्टल और कैलाश हॉस्टल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने दीपावली की शुभकामनाएं दीं। विदेशी छात्रों ने भारतीय परंपराओं और रीति-रिवाजों को जानने का अवसर प्राप्त किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया,जिसमें छात्रों ने नृत्य, गायन और वाद्य संगीत प्रस्तुत किए। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए एक यादगार अनुभव था, जिसने भारतीय संस्कृति की एकता और सद्भावना को बढ़ावा दिया। इस समारोह में विश्वविद्यालय के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के लिए एक गर्व का क्षण था, जिसने भारतीय संस्कृति की समृद्धि और विविधता को प्रदर्शित किया। दीपावली की पूर्व संध्या पर लखनऊ विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों में अध्ययनरत अंतरराष्ट्रीय छात्र एवम् छात्राओं के लिए कुलपति कैंप कार्यालय लॉन में दिवाली समारोह विश्विद्यालय में किया गया। श्रीलंका, इंडोनेशिया, फिजी, मॉरीशस, ताजिकिस्तान, अफगानिस्तान, केन्या, घाना, तुर्कमेनिस्तान, सीरिया, जॉर्डन, यमन स्वाजीलैंड, तंजानिया, बांग्लादेश से आए हुए लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, उनका उत्साह उल्लास और उर्जा देखते ही बनती थी।

शुभकामनाएं

- परिसर में छात्र-छात्राओं, शिक्षक व कर्मियों ने दी एक-दूसरे को बधाई

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

एआई गवर्नेंस के महत्व पर डेवलपर्स और इम्प्लिमेंटर्स को मिली नयी दिशा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल और कोडिंग क्लब के सहयोग से इम्पोर्टेंस ऑफ एआई गवर्नेंस फॉर डेवलपर्स एंड इंप्लीमेंटर्स विषय पर वेबीनार का आयोजन हुआ। इस वेबिनार का उद्देश्य छात्रों को एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के बारे में जानकारी देना था।

वेबिनार के मुख्य वक्ता गेट ग्लोबल इंटरनेशनल यूएसए के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर मार्सियो कॉट्स ने अपने विचार साझा किये, जिनके अनुभव और गहन ज्ञान से इस महत्वपूर्ण विषय पर कई नए दृष्टिकोण प्राप्त हुए। कॉट्स ने वेबिनार की शुरूआत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के विकास में हो रही तीव्र प्रगति और इसके प्रभावों के संदर्भ में की, जहां उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस गवर्नेंस के महत्व को रेखांकित किया।उन्होंने स्पष्ट किया कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का विकास और उसका व्यावसायिक एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में अनुप्रयोग लगातार बढ़ रहा है, जिससे इसके प्रभाव को सही दिशा में नियंत्रित करने की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस गवर्नेंस के संदर्भ में कॉट्स ने चारप्रमुख स्तंभों पर प्रकाश डाला, नैतिकता, पारदर्शिता, गोपनीयता, और उत्तरदायित्व।

उन्होंने इन स्तंभों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि कैसे इन मूल सिद्धांतों का पालन करते हुए एक मजबूत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस इकोसिस्टम का निर्माण किया जा सकता है। उनके अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के विकास के दौरान नैतिकता को बनाये रखना, प्रणाली के कामकाज में पारदर्शिता लाना, उपयोगकर्ताओं की गोपनीयता का सम्मान करना और निर्णय प्रक्रिया में उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना आवश्यक है ताकि इसके संभावित नकारात्मक प्रभावों को रोका जा सके और समाज में इसकी स्वीकृति को बढ़ावा दिया जा सके।कॉट्स ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के विकास के संबंध में सरकारी नीतियों और औद्योगिक तथा शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर भी जोर दिया।

लविवि में धूमधाम से मनाया गया दीपावली का उत्सव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ।लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि इस दीपावली पर, हम प्रकाश की जीत और अच्छाई की जीत का जश्न मनाते हैं।मैं आपको इस त्योहार के माध्यम से अपने जीवन में प्रकाश और खुशियों को लाने के लिए प्रेरित करता हूं।आज के वैश्विक परिवेश में जहां विभिन्न झंझावात एवं विविधताएं व्याप्त हैं, आपका आंतरिक प्रकाश असंख्य माध्यमों में दीप्त हो, यह हमारी शिक्षा में झंकृत है। आप इसके वाहक बने यहीं शुभकामना है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के ऑफिस लॉन में दीपावली समारोह का आयोजन हुआ, जिसमेंविश्वविद्यालय के विदेशी छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस अवसर पर डॉ. राय ने दीप जलाकर समारोह की शुरूआत की और छात्रों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों को इस त्योहार की महत्ता और भारतीय संस्कृति की समृद्धि के बारे में बताया और इस त्योहार के माध्यम से एकता, सद्भावना और शांति के संदेश को फैलाने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में डॉ.मनुका खन्ना (प्रो-वाइस चांसलर),डॉ.वीके शर्मा (डीन स्टूडेंट वेलफेयर),प्रो.संगीता साहू और सभी हॉस्टल प्रोवोस्ट उपस्थित रहे।नरेंद्र देव हॉस्टल, बीरबल साहनी हॉस्टल और कैलाश हॉस्टल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने दीपावली की शुभकामनाएं दीं। विदेशी छात्रों ने भारतीय परंपराओं और रीति-रिवाजों को जानने का अवसर प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के विदेशी छात्रों ने दीपावली की झलक देखी और इस त्योहार को मनाने में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने भारतीय संस्कृति की समृद्धि और विविधता की प्रशंसा की। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने नृत्य, गायन और वाद्य संगीत प्रस्तुत किए। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए एक यादगार अनुभव था, जिसने भारतीय संस्कृति की एकता और सद्भावना को बढ़ावा दिया। इस समारोह में विश्वविद्यालय के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के लिए एक गर्व का क्षण था, जिसने भारतीय संस्कृति की समृद्धि और विविधता को प्रदर्शित किया। दीपावली की पूर्व संध्या पर बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों में अध्ययनरत अंतरराष्ट्रीय छात्र एवं छात्राओं के लिए कुलपति कैंप कार्यालय लॉन में दिवाली समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। श्रीलंका, इंडोनेशिया, फिजी, मॉरीशस, ताजिकिस्तान, अफगानिस्तान, केन्या, घाना, तुर्कमेनिस्तान, सीरिया, जॉर्डन, यमन, स्वीटरजरलैंड, तंजानिया और बांग्लादेश से आये हुए लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये, उनका उत्साह, उल्लास और उर्जा देखते ही बनती थी। विभिन्न शैलियों में नृत्य प्रस्तुत किये गये। छात्रों द्वारा भी अति सुंदर समूह नृत्य प्रस्तुति हुई। सुरीले स्वरों से पूरा परिसर गुंजायमान हो गया।सभी छात्र-छात्राओं को उपहार भी कुलपति द्वारा दियेगये।फाइन आर्ट्स कॉलेज द्वारा प्रस्तुत रंगोली अद्वितीय रही।